an>

Title: Regarding political situation in Bihar.

श्री राजेश रंजन (मधेपुरा) : माननीय अध्यक्ष महोदया, आज 9 अगस्त का दिन है। हम सबको इंसानियम और मानवता को बचाने के लिए प्रतिज्ञा लेनी होगी। आज स्थिति यह है कि कभी भगवान के नाम पर टेरर, कभी कास्ट के नाम पर टेरर, कभी धर्म के नाम पर टेरर, कभी गाय के नाम पर टेरर होता है। बिहार के मुज़फ्फरपुर में तीन-चार दिनों से इंटरनेट वगैरह बंद है। बिहार में जिस तरह से बिहार सरकार का टेरर है, वहाँ के पॉलिटिकल सिस्टम का टेरर है। आज बिहार में एक सौ ज्यादा दारोगा कह रहे हैं कि वे थाना ही नहीं जाएंगे। छपरा में बजरंग दल के द्वारा लगातार मुसलमानों के मस्जिदों को जलाने और मारने का प्रयास किया जा रहा है।